घाटी में अब वाटर ट्रांसपोर्ट...

श्रीनगर. शनिवार को डिविजनल कमिश्नर कश्मीर डॉ. असगर हसन सैमून ने पर्यटन विभाग की मोटर बोट पर जेहलम नदी में इन लैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट का पहला ट्रॉयल लिया।

लश्कर के दो स्थानीय आतंकी ढेर

श्रीनगर. उत्तरी कश्मीर स्थित बारामूला जिले के पट्टन इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया। पुलिस को नील्लाह गांव में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके चलते शुक्रवार रात से ही पुलिस और सेना की 29 आरआर यूनिट ने ज्वाइंट सर्च आपरेशन के दौरान इलाके की घेराबंदी की। सुबह के समय छिपे हुए आतंकियों ने एडवांस पार्टी पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया।

आईपीएल पर सट्टा लगाने वालों का पर्दाफाश

भास्कर न्यूज. बटाला

आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने और अवैध शराब का कारोबार करने वाले चार लोगों को बटाला के सीआईए स्टाफ ने शुक्रवार देर रात रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

ओहरी बाजार में एक दुकान में सट्टा और शराब का कारोबार करने वाले इन लोगों के पास पुलिस ने सट्टे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला कंप्यूटर, 4 मोबाइल फोन के अलावा 30 बोतल अंग्रेजी शराब और 11 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। पकड़े गए सट्टेबाजों व शराब का कारोबार करने वालों की पहचान दीपक शर्मा वासी ओहरी चौक, हरप्रीत सिंह वासी ठठियारी गेट, मुनीष कुमार वासी ओहरी गेट और नितिन वासी भंडारी मोहल्ला के तौर पर हुई है और पुलिस ने उनके उनके खिलाफ थाना सिटी में धोखाधड़ी की धारा 420,जुआ अधिनियम की धारा 13ए-3-67 और आबकारी एक्ट 61/1/14 के तहत मामला दर्ज किया है।

भारतीय बोरियों में पाकिस्तानी सीमेंट बेचने वाले दो गिरफ्तार

कपूरथला. सीआईए स्टाफ ने भारतीय कंपनियों की पैकिंग में पाकिस्तान का सस्ता सीमेंट बेचने वाले दो आरोपियों को 1972 भरी सीमेंट की बोरियों व 8700 सीमेंट की खाली बोरियों के साथ गिरफ्तार किया।

छापेमारी के दौरान कई आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। थाना सुल्तानपुर लोधी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों से इस काम में इस्तेमाल की जाने वाली एक वेरना गाड़ी नं. पीबी 09-डी- 4646 भी बरामद की है।

एसपी (डी) बलजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि स्थानीय सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सैदो भुलाणा में एक सीमेंट विक्रेता काफी समय से पाकिस्तानी कंपनी का सस्ता सीमेंट भारतीय सीमेंट कंपनियों की पैकिंग में भरकर बेच रहा है। सूचना पर सीआईए स्टाफ ने डीएफएसओ कार्यालय के इंस्पेक्टर रमेश कुमार के साथ गांव सैदो भुलाणा स्थित फर्म एम.एम फौजी ट्रेडिंग कंपनी के मालिक दलेर सिंह के घर पर छापामारी की।

एयर इंडिया के पायलट फिर कर सकते हैं हड़ताल

मुंबई/नई दिल्ली. एयर इंडिया के पायलट फिर हड़ताल पर जा सकते हैं। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर उड़ाने की ट्रेनिंग के संशोधित प्रोग्राम के विरोध में पायलटों का एक धड़ा शनिवार को 'बीमार' हो गया। इससे एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। दो अन्य की उड़ान में 16 घंटे तक की देरी हुई।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली से सिंगापुर जाने वाली फ्लाइट रविवार को नहीं जाएगी। न्यूयॉर्क और टोरंटो जाने वाली फ्लाइट्स 16 घंटे देरी से उड़ी। एयर इंडिया के अधिकारियों ने घटनाक्रम की पुष्टि की। साथ ही यह भी कहा कि स्वास्थ्य कारणों की वजह से पायलट ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुए। इसका असर फ्लाइट्स पर हुआ। प्रदर्शन प्रमुख रूप से इंडियन पायलट्स गिल्ड (आईपीजी) से जुड़े पायलटों ने किया।